आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.02.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर में उधमसिंह नगर कार्निवाल सरस आजीविका मेला–2026 का शुभारम्भ किया। 295 करोड़ रुपये की लागत से 61 विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये राज्य में इस वर्ष सूर्य देवभूमि चैलेंज, नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन और देवभूमि कल्चरल फेस्टिवल जैसे प्रमुख आयोजन किये जाएंगे।
- महाशिवरात्रि का पावन पर्व आज राज्य में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।
- विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि आज घोषित की जाएगी।

शुभारंभ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर स्थित गांधी पार्क में उधमसिंह नगर कार्निवाल सरस आजीविका मेला–2026 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने 295 करोड़ रुपये की लागत से 61 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री ने करीब एक सौ चौबीस करोड़ रुपये की लागत से 26 विकास कार्यों का लोकार्पण किया, जिनमें चिकित्सा, लोक निर्माण, नगर निगम, पशुपालन, संस्कृति, सिंचाई, खेल और शिक्षा विभाग से जुड़े कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 171 करोड़ रुपये की लागत से 35 विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया, जिनमें सड़क, शिक्षा और ग्रामीण निर्माण से संबंधित परियोजनाएं प्रमुख हैं।
मुख्यमंत्री ने इस दौरान पांच घोषणाएं भी कीं। इनमें मानसखंड कॉरिडोर के तहत गोल्ज्यू मंदिर, शिव मंदिर और नीलकंठ धाम को जोड़ते हुए शिव प्रतिमा की स्थापना, रुद्रपुर नगर निगम के पर्यावरण मित्रों के लिए खेड़ा में आवास निर्माण, भूरारानी और गंगापुर रोड का चौड़ीकरण, अटरिया चौक से इंद्रा कॉलोनी तक सड़क निर्माण और गुरु चांद ठाकुर स्मृति सहायता कोष की राशि 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये करना शामिल है।
इससे पहले मुख्यमंत्री ने सरस मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से रुद्रपुर और उधमसिंह नगर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

पर्यटन को बढ़ावा

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष कई प्रमुख आयोजनों की तैयारी की जा रही है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि अप्रैल 2026 में भारतीय सेना के साथ सूर्य देवभूमि चैलेंज का आयोजन प्रस्तावित है, जिसके तहत हेलंग से उर्गम, रुद्रनाथ और मंडल होते हुए ऊखीमठ तक 91 किलोमीटर ट्रेल आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि चमोली जिले की नीति घाटी में 31 मई को नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन का आयोजन प्रस्तावित है। इसके तहत रिमखिम से नीति होते हुए मलारी तक 75 किलोमीटर अल्ट्रा मैराथन और मलारी से नीति होकर मलारी तक 42 किलोमीटर मैराथन आयोजित की जाएगी। इस आयोजन में विदेशी प्रतिभागियों को शामिल करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जून 2026 में बद्रीनाथ और माणा में भारतीय सेना के सहयोग से देवभूमि कल्चरल फेस्टिवल का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा वर्ष 2026 में कुमाऊं और गढ़वाल के बीच आयोजित होने वाली प्रसिद्ध हिमालयन कार रैली का भी पुनः आयोजन किया जाएगा।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि केदारनाथ और हेमकुंड के लिए रोपवे निर्माण कार्य इस वर्ष शुरू किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिलेगी।

पहल

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलगाडियों के सामान्य डिब्बों की सफाई अब प्रथम श्रेणी के समान की जाएगी। नई दिल्ली में आज रेलवे सुधारों के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि इस उन्नत सफाई पहल के लिए अगले छह महीने में लंबी दूरी की 80 रेलगाडियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन रेलगाडियों में एक से डेढ़ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए समर्पित कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने रेलवे में बड़े सुधार लाने का फैसला किया है। इसके अंतर्गत इस वर्ष 52 हफ्तों में 52 सुधार लागू किए जाएंगे।

वी उत्सव

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा बेंगलुरु के कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय ''वी उत्सव'' कार्यक्रम में महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के आठ राज्यों ने अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर उत्तराखंड की लोक कलाकार ज्योति जोशी ने पारंपरिक लोक कला ऐपण की प्रस्तुति दी और इसकी महत्ता तथा विशेषताओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उत्तराखंड की इस पारंपरिक कला को काफी सराहा।

गौरतलब है कि ज्योति जोशी इससे पहले देहरादून और गैरसैंण स्थित उत्तराखंड विधानसभा भवन में भी ऐपण कला की प्रस्तुति दे चुकी हैं।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का पावन पर्व आज राज्य में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। तड़के से ही प्रदेश के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी है और हर–हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहे हैं। बड़ी संख्या में शिव भक्त जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक और पूजा–अर्चना कर रहे हैं।

देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। हरिद्वार के दक्षेश्वर महादेव और कोटेश्वर महादेव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऋषिकेश स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर, उत्तरकाशी के विश्वनाथ मंदिर, रुद्रप्रयाग के गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर और चमोली के गोपेश्वर महादेव मंदिर में भी शिव भक्तों का तांता लगा हुआ है। कई श्रद्धालु व्रत रखकर विशेष पूजा और रुद्राभिषेक कर रहे हैं।

महाशिवरात्रि के अवसर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रमुख मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग तथा यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगमता से दर्शन कर सकें।

महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे प्रदेश में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है और दिन भर शिव भक्तों के मंदिरों में पहुंचने का क्रम जारी रहने की संभावना है।

तिथि घोषणा

विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ ज्योतिर्लिंग धाम के कपाट खुलने की तिथि आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर घोषित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण घोषणा को लेकर मंदिर समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है।

मंदिर समिति के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी युद्धवीर पुष्पवाण ने बताया कि सुबह 9 बजे से हक–हकूकधारियों, जनप्रतिनिधियों, पंच पुजारियों, तीर्थ पुरोहितों और केदार सभा के सदस्यों की उपस्थिति में पंचांग गणना के आधार पर कपाट खुलने की तिथि निर्धारित की जाएगी। परंपरा के अनुसार विशेष पूजा–अर्चना के बाद शुभ मुहूर्त की औपचारिक घोषणा की जाएगी। साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी डोली के धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी जारी किया जाएगा।

मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकद रहित उपचार–राहत योजना शुरू करने की मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत सडक दुर्घटना के पीडित, दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक डेढ लाख रुपये तक का नकदी रहित उपचार प्राप्त करने के पात्र होंगे।

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों को इलाज के खर्च का भुगतान मोटर व्हीकल दुर्घटना कोष से किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि कल नई दिल्ली के सेवा तीर्थ से प्रधानमंत्री राहत योजना की शुरुआत नागरिक प्रथम दृष्टिकोण को दर्शाती है।

तैयारियां

कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के तहत राज्य के अतिथि गृहों को आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों से सुसज्जित किया जाएगा। इसी क्रम में आवास एवं राज्य संपत्ति विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने देहरादून से हरिद्वार तक विभिन्न राजकीय अतिथि गृहों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेस्ट हाउसों में स्वच्छता, सुरक्षा, फर्नीचर, विद्युत और अग्निशमन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नवीकरणीय कार्यों की गुणवत्ता, किचन की साफ–सफाई, अग्नि सुरक्षा प्रणाली की मजबूती और समग्र सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने और सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

देहरादून स्थित राज्य अतिथि गृह बीजापुर में मरम्मत, वीवीआईपी कक्षों के उन्नयन, क्षतिग्रस्त फर्नीचर के प्रतिस्थापन और फायर सेफ्टी सिस्टम को आधुनिक बनाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही भवन के सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था में सुधार और अन्य सुविधाओं के उन्नयन पर भी जोर दिया गया।

कार्यशाला

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने इंडो–डेनिश द्विपक्षीय अनुसंधान पहल के तहत 'डिजिटलाइज्ड ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम' विषय पर एक महत्वपूर्ण हितधारक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन के प्रभावी एकीकरण और डिजिटल ऊर्जा प्रणालियों के विकास पर ठोस रणनीति तैयार करना रहा।

कार्यशाला में नीति–निर्माताओं, राजनयिकों, उद्योग जगत के नेताओं और शैक्षणिक विशेषज्ञों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। भारत में डेनमार्क के राजदूतसमस एबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसेन, तथा आईआईटी रुड़की के उपनिदेशक यू.पी. सिंह सहित कई प्रमुख शिक्षाविद और उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने कहा कि यह पहल भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप अनुसंधान और बड़े पैमाने पर क्रियान्वयन के बीच प्रभावी सेतु का कार्य करेगी। कार्यशाला में तकनीकी सहयोग, नवाचार और सतत ऊर्जा समाधान को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर......

टी– 20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच आज होने वाले मुकाबले को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– भारत फिर वर्चस्व साबित करने उतरेगा।

इसी खबर पर अमर उजाला ने शीर्षक दिया है– हाई टेंशन में भिड़ेंगे भारत– पाकिस्तान।

दैनिक जागरण ने इस खबर पर शीर्षक दिया है–कोलंबो में भारत और पाकिस्तान के बीच आज होने वाले सबसे बड़े मुकाबले से पहले सबकी निगाहें आसमान पर।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं में हाईटेक तरीके से नकल कराने वाले गिरोह की एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार करने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है।

इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– हाईअेक नकल माफिया का पर्दाफाश।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने शीर्षक दिया है– परीक्षा केंद्र में गडढा बनाकर करा रहे थे नकल, दो दबोचे।